

VOTE
मेरा चित्रकूट-मेरी शान
राजापुर (चित्रकूट) परिशिष्ट
आओ मिलकर हम सब करें 20 मई को मतदान
देश की सरकार बनाने के लिए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य है। 20 मई को सुबह जलपान से पहले करें मतदान देश की सरकार बनाने में दें अपना महत्वपूर्ण योगदान। निष्पक्ष व निर्भीकता के साथ करें मतदान।
विकास जायसवाल
समाजसेवी राजापुर (चित्रकूट)
मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी
आप सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरो को भी जागरूक करें।
मतदान हमारा अधिकार है।
मेरी आपसे विनम्र अपील है कि दिनांक 20 मई को होने वाले मतदान में आप जरूर हिस्सा लें और अपने हक का मतदान करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय यह जरूर ध्यान रखें कि आपका एक वोट देश को एक सशक्त नेतृत्व और मजबूत सरकार देगा। मतदान अवश्य करें और नए भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।
शंकर प्रसाद जायसवाल
सभासद राजापुर (चित्रकूट)
बड़ी ताकत के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी आती है। मताधिकार आपकी ताकत है, और नैतिक मतदान आपकी ज़िम्मेदारी
बीएन कुशवाहा
अधिशासी अधिकारी राजापुर (चित्रकूट)
संजीव मिश्र
नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर (चित्रकूट)
प्रमोद झा
एसडीएम राजापुर (चित्रकूट)
विकास की गंगा बहाना है। मतदान का फर्ज निभाना है।
वेद प्रकाश पांडेय
प्राचार्य– वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय राजापुर (चित्रकूट)
युवा, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वायेगा वोट देकर अपना फर्ज निभायेगा
पुनीत उपाध्याय
प्रधान भदेहदू – राजापुर (चित्रकूट)
आपके वोट से आयेगा बदलाव, सुधरेगा समाज होगा विकास मतदान अवश्य करें।
कैलाश सिंह
प्रधान पति–नादिन कुर्मियान राजापुर (चित्रकूट)
छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान
डा. रजनीश पांडेय
समाजसेवी राजापुर (चित्रकूट)
आपका वोट देश की ताकत है। मतदान करें, देश के लिए उत्साह बढ़ाए
जुगराज केशरवानी
समाजसेवी राजापुर (चित्रकूट)
वोट करें, समाज में बदलाव लाएं आपका वोट आपकी आवाज आपका अधिकार
पुष्पेंद्र त्रिपाठी
एडवोकेट राजापुर (चित्रकूट)
सारे काम छोड़ दो सब से पहले वोट दो
अमित उर्फ दीपू मिश्र
समाजसेवी राजापुर (चित्रकूट)
वोट करें, अपने क्षेत्र के विकास का सहयोग करें। देश के भविष्य को सजग बनाएं, वोट करें।
राजेश कुमार केशरवानी
समाजसेवी राजापुर (चित्रकूट)
चुनाव लोकतंत्र के आत्मगौरव व स्वतंत्रता का प्रतीक है मतदान अवश्य करें।
निकेत साहू
प्रधानाचार्य, संस्कार पब्लिक स्कूल राजापुर (चित्रकूट)
छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान
गुलाब चंद्र प्रजापति
मोहरवां राजापुर (चित्रकूट)
आपका वोट देश की ताकत है। मतदान करें, देश के लिए उत्साह बढ़ाए
समीर विश्वकर्मा
समाजसेवी नगर पंचायत राजापुर (चित्रकूट)
वोट करें, समाज में बदलाव लाएं आपका वोट आपकी आवाज आपका अधिकार
राजेश उर्फ गोलू गुप्ता
राजापुर (चित्रकूट)

# शाबाश: प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेता 10 छात्राएं हुईं सम्मानित

## जीजीआईसी में केंद्रीय संचार ब्यूरो के तत्वावधान में हुई मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता



पुरस्कारों के साथ विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के तत्वाधान में राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता 10 छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जादूगर ने जादू के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया।

20 मई को संसदीय क्षेत्र में होने वाले पांचवें चरण के मतदान से पहले युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार ब्यूरो के तत्वाधान में शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती अधिक से अधिक मतदान से है। विद्यालय के सभी छात्रों व शिक्षकों को अपने परिवार व आसपास सभी को मतदान अवश्य करने के लिए निवेदन करना चाहिए। बुजुर्ग लोगों के लिए पोलिंग बूथों पर समुचित व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने कहा कि 20 मई को होने वाले मतदान में सभी को अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। प्रधानाचार्य सुश्री बीना गुप्ता ने कहा कि अपने आसपास रहने वाले लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजयी छात्रा ऋचा प्रजापति, दीपिका, ज्योति कश्यप, दिपांशी सिंह, सीता, आराध्या गुप्ता, रिया देवी, वंशिका वर्मा, अंशिका अवस्थी और मंदाकिनी कश्यप को जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जादूगर आरसी योगा एंड पार्टी द्वारा जादू के करतबों के माध्यम से भी मतदान के लिए जागरूक किया।

### शत प्रतिशत करें मतदान, देश को बनाएं महान

■ नरैनी तहसील क्षेत्र के करतल में प्रधानों, सचिव, रोजगार सेवक, शिक्षा व स्वास्थ्य तथा स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा 20 मई को होने वाले सामान्य लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत वोट करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी से 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी नरैनी प्रमोद कुमार सिंह, रामखिलावन ज्वाइंट बीडीओ नरैनी, राकेश प्रजापति ब्लॉक मिशन मैनेजर, ग्राम प्रधान कामता प्रसाद (करतल), शिवकुमार उर्फ लाला राजपूत (पंचमपुर), विनीत रावत (कनाय), जानकी प्रसाद (रेहुंची), चन्द्रकुमार राजपूत (मुकेरा), ग्राम सचिव सुरेश कुमार पटेल, विनय कुमार, सुरेश कुमार वर्मा एवं समस्त रोजगार सेवक, समस्त शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा वर्कर, समूह की दीदियों सहित सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ साथ दर्जनों ग्राम वासी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिलाई मतदान की शपथ

■ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष डा .शिव प्रकाश सिंह ने अपने समस्त पदाधिकारियों को मतदान व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की शपथ दिलाई। बताया कि शिक्षकों ने अपने सेवा क्षेत्रों में तैनाती के दौरान मतदाता जागरूकता शपथ व रैलियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदान के लिए बचे कुल 50 घंटों में लक्ष्य निर्धारित करते हुए मतदाताओं से संपर्क कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को प्रेरित किया। साथ ही मतदान ड्यूटी में जाने वाले शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रेरित किया।



जागरुकता बैठक करते शैक्षिक महासंघ के लोग। अमृत विचार

## ससुराल में युवती ने जहर खाकर जान दी

**बबेरू।** बंटवारे के विवाद में युवती ने ससुराल में जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर ली। मृतका के ताऊ ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के उमराहनी गांव निवासी उर्मिला (24) पत्नी सुशील यादव ने गुरूवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। ग्राम प्रधान हरिकल्याण ने बताया कि उर्मिला का ससुर बाहर रहता है। उर्मिला पति से बंटवारे की बात कह रही थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उर्मिला ने जहर खाकर जान दे दी। उधर, कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव निवासी मृतका के ताऊ राजकरन ने बताया कि उर्मिला की शादी 2020 में हुई थी। आरोप है कि ससुरालीजन दहेज में 50 हजार रुपए नकद और जमीन अपने नाम करवाना चाहते थे। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न करने पर उसे जहर खिलाकर मार डाला। मृतका के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

# गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा आज, तैयारियां पूरी

**कार्यालय संवाददाता,बांदा**



जनसभा स्थल का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुंदेलखंड मौसम के साथ सियासी पारा चढ़ने लगा है। सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता चुनावी जनसभाएं कर प्रत्याशी की सुनिश्चित जीत की कवायदों में जुट हैं। पिछले् दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत बसपा मुखिया मायावती और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अतर्रा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभाएं कर वोट मांगे चुके हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को मुख्यालय स्थित जीआईसी ग्राउंड में चुनावी जनसभा संबोधित करेंगे।

भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को जीआईसी मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोंधित करेंगे। जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदाताओं से हर बूथ पर कमल खिलाने का आह्वान करेंगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह शनिवार की सुबह 11 बजे जीआईसी मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उधर, गृहमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर समूचा प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।

● अधिकारियों ने सभास्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शुक्रवार को जनसभा स्थल जीआईसी मैदान में आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार, जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र समेत पुलिस व प्रशासन का अमला सुरक्षा प्रबंधों, जनसभा की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। मामूली खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। सभास्थल पर बैरीकेटिंग का काम भी कराया जा रहा है।

### ड्रोन संचालन पर रहेगी रोक

○ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राजकीय इंटर कालेज ग्राउंड में शनिवार को होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इसी क्रम में एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि गृहमंत्री की चुनावी जनसभा के दृष्टिगत जनसभा स्थल से पांच किलोमीटर के दायरे में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक ड्रोन संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने सभी से इस समयावधि में निर्धारित दायरे में ड्रोन संचालन न करने की हिदायत दी है। चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने वाले पर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूर्व प्रधान पर लगाया जमीन पर कब्जे का आरोप

**नरैनी।** ग्राम पंचायत हड़हा के ग्राम प्रधान अफसर अली ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया कि गांव सभा में मौजूद नजूल की जगह जो कि कागजात में नवीन परती के रूप में दर्ज भूमि पर पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम उर्फ कंजू खां अवैध रूप पूर्व में अपनी पत्नी जहरा खातून के नाम फर्जी तरीके से पट्टा कर चुका था। जो जिलाधिकारी के आदेश पर वर्ष 2013 में खारिज कर दिया गया था। लेकिन दबंगई के बल पर पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम पुत्र अब्दुल रहमान द्वारा पुनः कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया। जबकि लगातार भूमि में कब्जे से जुड़ा मामला उच्च न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन को पत्र देकर उच्च न्यायालय में वाद निस्तारण होने तक जमीन को कब्जा मुक्त रखने और अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की।मामले के संदर्भ में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से पक्ष जानने की कोशिश की गई तो फोन नही रिसीव किया जा सका।

# मेधावियों के साथ अभिभावक भी सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**



सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह के बीच मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

नरैनी रोड स्थित विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से सभी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता के लिए बधाई दी एवं भविष्य में लगातार उन्नति के लिए प्रेरित किया। इंटरमीडिएट में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राओं में कनक जाटव 94.6, आयुषी श्रीवास्तव 93.0, ऋतुराज 92.6, आशुतोष सिंह 90.4, निधि 90 प्रतिशत और हाईस्कूल में सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में ऋतिका शिवहरे 97.2, मोहम्मद माज आरिफ 96.6, अक्षत गुप्ता 96.0, अंश गुप्ता 95.8, अरशान अहमद 95.2, अनुष्का गुप्ता 95.0, शांतनु सिंह 94.8, त्रिपाठी 94.6, सौरभ सिंह गौर 94.4, अलंकृत सक्सेना 94.2, प्रांजल अवस्थी 94.0, अद्वैत त्रिपाठी 93.8, नीव गौर 93.2, भाव्या भारद्वाज 93.2, अंशिका 93.0, अर्श खान 92.8, अन्वेष गुप्ता 92.6, आयुषी साहू 92.6, अंशिका वाधवानी 92.6, यशी गुप्ता 92.4, साक्षी गुप्ता 92.0, अग्रिका सिंह 91.8, शुभांषी गर्ग 91.8, श्रद्धा द्विवेदी 91.6, सौरभ गुप्ता 91.2, सृष्टि 91.0, आकांक्षा कसौंधन 90.8, ध्रुव प्रताप 90.6 तथा अस्मिता शुक्ला 90.2 प्रतिशत हैं।

## किशोर समेत दो ने फांसी लगा जान दी

**बांदा।** तिंदवारी थाना के भुजरख गांव निवासी शिवलखन (16) ने गुरुवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी मे रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पड़ोसी लाला सोनी ने बताया कि शिवलखन मानसिक रूप से परेशान रहता था। उधर, देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी अजेंद्र सिंह उर्फ स्वतत्र सिंह (40) पुत्र उमेश सिंह का शव शुक्रवार की सुबह खेत में लगे खजूर के पेड़ पर लुंगी के सहारे फंदे पर लटकता मिला। मृतक के चाचा राजेद्र सिंह ने बताया कि अजेंद्र शराब पीने का आदी था। चाचा ने हत्या की आशंका जताई है। उधर थानाध्यक्ष देहात कोतवाली सुखराम सिंह का कहना है कि मामला नशे में आत्महत्या करने का है।

# पैरामिलिट्री फोर्स ने पुलिस के साथ किया फ्लैग मार्च

**संवाददाता, नरैनी**

● ग्रामीणों को उनकी सुरक्षा का दिया पूरा भरोसा

● कहा-हम आपके साथ, बेखौफ होकर करें मतदान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस के साथ पैरामिलेट्री फोर्स के जवानों ने आधुनिक हथियारों के साथ कस्बा में फ्लैग मार्च किया और लोगों को निर्भय होकर मतदान करने का भरोसा दिलाया।

पांचवें चरण के तहत संसदीय क्षेत्र में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आम लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए और निर्भय होकर मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियो ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में इंडियन तिब्बत पुलिस बल (आईटीबीपी) के 50 जवानों के साथ कोतवाली पुलिस ने कस्बा के चारो मार्गो में फ्लैग मार्च किया। क्षेत्र के अति संवेदनशील गांव मोतियारी गांव में पहुंचकर फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स देखकर गांव की महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर निकल आये।



फ्लैग मार्च करते पैरामिलिट्री के जवान। अमृत विचार

कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि निर्भीक होकर मतदान करने के लिए आम लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने का काम किया जा रहा है। मतदान के समय सभी मतदान केंद्रों में भी पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे।

### पीएसी ने संवेदनशील गावों में किया मार्च

○ **जसपुरा।** क्षेत्र के संवेदनशील ग्राम रामपुर, सिकुहला, झंझरी पुरवा गांव में पीएएसी ने शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। दो कंपनी पीएसी के साथ जसपुरा थाना निरीक्षक राजेन्द्र सिंह राजावत की अगुवाई में कंपनी कमांडर चंद्रभूषण मिश्र व कमांडर सलभ कुमार ने पैदल मार्च किया। पुलिस ने भयमुक्त होकर मतदान करने का माहौल बनाकर लोगों को प्रेरित किया। थाना निरीक्षक राजेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि रामपुर, सिकहुला, झझरीपुरवा गांव संवेदनशील मतदान केंद्र की श्रेणी में आते हैं। सुरक्षा के लिहाज से इन गांवों की गलियों में पीएसी व पुलिस के जवान मुस्तैद हैं। पीएसी ने ग्रामीणों से वहां की भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी ली है।

# मीडिया कर्मी की हत्या पर जताया विरोध, किया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

● राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

● मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला इकाई पदाधिकारियों व सदस्यों ने जौनपुर में दिनदहाड़े मीडिया कर्मी की गोली मारकर हत्या किए जाने पर विरोध जताया। कलक्ट्रेट में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की।

परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के निर्देश पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इसमें कहा है कि जौनपुर में दिनदहाड़े कोतवाली स्थित शाहगंज के इमरानगंज बाजार में सोमवार को सुबह एक टीवी चैनल के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद घटना की घोर निंदा करता है। मृतक आश्रितों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता व पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाए जाने की मांग की।

दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करने को कहा। इस दौरान पूरन राय, पंकज शुक्ला, नीरज निगम, मितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जीवेश प्रकाश, सत्यनारायण, आमोद कुमार, मदन गुप्ता, रूपा गोयल, संध्या धुरिया, नरेंद्र सिंह थापा सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।



ज्ञापन देने जाते पत्रकार सुरक्षा परिषद के लोग। अमृत विचार

## छात्र की साइकिल ले उड़े चोर

**बांदा।** मटौंध थाना के अछरौड गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र रामकरन शहर कोतवाली क्षेत्र के शभू नगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। गुरुवार को वह जिला अस्पताल में ब्लड टेस्ट कराने गया था। डेढ़ महीने पहले खरीद साइकिल बाहर खड़ी कर पर्चा कटवाने लगा। लौटने पर साइकिल नदारद मिली। घटना की जानकारी सिविल लाइन चैकी इंचार्ज परवेज अहमद को दी। सीसीटीवी कैमरों में घटना रिकार्ड हुई है।

## सार-संक्षेप

### तालाब में डूबकर बालिका की मौत

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के सोनाहुला गांव निवासी किरन (11) पुत्री जैन सिंह वर्मा अपनी चाची के मायके भदेहदू गांव गई हुई थी। शुक्रवार की सुबह घर के कुछ दूरी पर सागरा तालाब में नहाते समय गहरे पानी पर डूबकर लापता हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने काफी तलाश के बाद उसका शव तालाब से बाहर निकाला। नायब तहसीलदार मनोहर सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों से ली।

### पांच लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शंभू नगर निवासी रुकमिन (40) पत्नी सुशील ने गुरूवार की रात नाराज होकर जहर खा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बगेहटा गांव निवासी मनोज सोनी (25) पुत्र चुन्नीलाल ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। तिंदवारी कस्बा निवासी हार्दिक (9) पुत्र देवशरन ने चूरन के धोखे जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के अलिहा गांव निवासी श्यामलाल (30) पुत्र बासुदेव ने जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के चमरौड़ी निवासी छोटू (20) पुत्र संपत ने जहर खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



ऑपरेशन करतीं सर्जन डा .अदिति। अमृत विचार

### सफल ऑपरेशन कर चिकित्सक ने महिला की बचाई जान

**बांदा।** महिला के गर्भ में मृत साढ़े आठ माह के शिशु के नि :शुल्क सफल आपरेशन करते हुए चिकित्सक ने जान बचा ली। महिला के परिजनों ने चिकित्सक और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। फिलहाल महिला पूरी तरह से सुरक्षित है। आवास विकास स्थित शहर के एक प्रतिष्ठित सर्जरी सेंटर में शुक्रवार को चिकित्सक डा .अदिति श्रीवास्तव ने बबेरू तहसील क्षेत्र के अहार गांव निवासी सुमित्रा के गर्भ का सफल आपरेशन करते हुए उसकी जान बचा ली। चिकित्सक के मुताबिक सुमित्रा के गर्भ में साढ़े आठ माह का मृत शिशु था। उसकी लगातार तबियत खराब होती जा रही थी। परिजन उसे सर्जरी सेंटर लेकर आए। जांच के बाद शुक्रवार को महिला के गर्भ का आपरेशन करते हुए साढ़े आठ माह के मृत बच्चे का शव बाहर निकाला। बताया कि यह आपरेशन पूरी तरह निशुल्क किया गया। महिला के परिजनों ने चिकित्सक को कार्यों की जमकर सराहना की।

**आयोजन** | भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में समर कैंप का हुआ समापन

# समर कैंप में बच्चों को योगा के साथ दिया नैतिक शिक्षा का भी ज्ञान

**कार्यालय संवाददाता,बांदा**

● पांच दिवसीय कैंप में बच्चों ने जमकर किया धमाल

● मेडिटेशन, फिंगरपेंटिंग, फैशन शो, क्रिकेट प्रतियोगिताएं हुईं

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने जमकर मस्ती की। इस दौरान बच्चों ने पपेट शो और कहानियों का लुत्फ उठाया। बच्चों को योगा के साथ नैतिक शिक्षा का ज्ञान कराया गया। समापन पर सभी बच्चों को समर कैंप प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन केक काटकर हुआ।

चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप शुक्रवार को खत्म हो गया। अंतिम दिन बच्चों ने जमकर मस्ती की। कैंप में पपेट-शो और कहानियों का बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। मेडिटेशन, फैशन शो, फिंगरपेंटिंग, क्रिकेट आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। योगा व पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। मेडिटेशन, डांस, पूल पार्टी, सूर्य नमस्कार, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, फ्रॉग रेस हुई। समापन पर कैंप में भागीदारी कनरे वाले बच्चों को स्वास्थ्य व प्रतिभाग प्रमाण पत्र सौंपे गए। नामित चेयरमैन अंकित कुशवाहा ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल और टीवी में व्यस्त रहते हैं। इससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाता। बल्कि आंखों में कमजोरी जरूर आती है। बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की भी सजगता जरूरी है। उन्हें भी चाहिए कि अपने बच्चों को जहां भी खेल गतिविधियों संचालित हो रही है वहीं अनिवार्य रूप से भेजें। इससे उनका शारीरिक, मानसिक विकास होगा। प्रधानाचार्य डा.शिवेंद्र कुमार ने बच्चों के कार्यों को सराहा। दिव्या श्रीवास्तव, आरती, रिजवाना, कृतिका, संचिता, प्रियंका, मेनका, वसुधा, संस्कृति आदि ने व्यवस्था संभाली।



समर कैंप के समापन पर मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

### हरियाली बचाकर पशु-पक्षियों के लिए दें दाना-पानी

**बांदा।** नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर कुलदीप शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी व लू से बचाव करें। दोपहर को छाया में रहें। अपने आसपास पेड़ों पर सुबह-शाम पानी डालें। घरों की छतों पर दाना डालें तथा मिट्टी के बर्तनों पर पानी डालें जिससे विलुप्त हो रहे पक्षियों को भी बचाया जा सके। घर के बाहर चरही या सीमेंट की बड़ी हौदी पर पानी डालें जिससे पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सके। बताया कि यह सब नेक कार्य हैं। ऐसा करने से हमें स्वयं सुकून व आनंद मिलता है। इस लोक के साथ परलोक भी बनता है। सभी ने इस कार्य की सराहना किया है। यह सामाजिक कार्य है।हम एक सामाजिक प्राणी हैं। जनसंख्या के हिसाब से सरकारी संसाधन सीमित हैं। हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी। यह स्वयं करें व दूसरों को प्रेरित भी करें। जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हमें पशु-पक्षी व हरियाली को बचाना होगा।

## एक नजर

### चोरों ने जेवर-नकदी पार किया, घरवाले सोते रहे

**महोबा।** ग्राम सिजहरी में चोरों ने एक मकान का निशाना बताते हुए अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर चंपत हो गए और परिजन सोते रहे। गृहस्वामी के सुबह जागने पर देखा तो उसकी अलमारी का लाक टूटा हुआ था और उसमे रखे आभूषण और नगदी गायब मिली। पीड़ित भाइयों द्वारा पुलिस को तहरीर देकर घटना का खुलासा कराए जाने की मांग की है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिजहरी निवासी जगदेव व कल्लू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात्रि दोनो भाई अपने परिजनों के साथ घर पर सो रहे थे। तभी चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया और अलमारी का ताला तोड़ कर सोने चांदी के आभूषण और 30 रुपये नगदी सहित करीब एक लाख रुपये की चोरी कर भाग गए। पीड़ितों ने घटना का खुलासा करते हुए चारो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मां ने पुत्र के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**खन्ना।** थाना खन्ना के ग्राम सिरसीकला निवासी छोटी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने घर का बटवारा कर सभी पुत्रों को उसका हिस्सा दे दिया था, लेकिन पुत्र राजू गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह डरी और सहमी रहती है। पीड़िता ने पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा कार्रवाई की मांग की है।

# सर्वर डाउन होने से राशन न मिलने पर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

## तीन दिन से कार्डधारक लगा रहे थे राशन दुकान के चक्कर, सब्र का बांध टूटा

संवाददाता, जैतपुर-महोबा



राशन न मिलने पर हंगामा करते राशनकार्ड धारक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिन से सर्वर डाउन होने से शुक्रवार को राशन कार्डधारकों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सुबह से कई घंटे तक बैठने के बाद भी सर्वर की समस्या को लेकर खाद्यान्न वितरण कार्य में अव्यवस्थाओं को देखकर कार्डधारक ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा, जिससे कोटे के कर्मचारियों और कार्डधारकों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। बाद में कोटेदार ने पहुंचकर समझा बुझाकर मामला शांत कराया। दोपहर बाद सर्वर नियमित आने पर राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया गया।

गौरतलब है कि 15 मई से खाद्यान्न सामग्री वितरण कार्य शुरू हो जाता है। कार्डधारक भी 15 मई से खाद्यान्न लेने के लिए सरकारी राशन की दुकानों पर पहुंच गए। दो दिन तक सर्वर की समस्या को देखते हुए कार्डधारक घंटों इंतजार करने के बाद भी सर्वर न आने पर तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच बिना राशन लिए घर वापस लौट गए। तीसरे दिन शुक्रवार को ग्राम जैतपुर में खाद्यान्न लेने के लिए कार्डधारकों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दिन भी रुक रुक कर सर्वर आने से वितरण कार्य में हो रही देरी को देखते हुए कार्डधारक आग बबूला हो गए और जमकर हंगामा करने लगे।

मामला बढ़ता देख कोटेदार ने ग्रामीणों को बताया कि सर्वर न आने से आपका अंगूठा शो नहीं कर रहा है, जैसे ही सर्वर आएंगे तेजी से वितरण कार्य शुरू करा दिया जाएगा, इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। दोपहर बाद सर्वर सुचारू रूप से आने लगा, इसके बाद वितरण कार्य शुरू हुआ और देर शाम तक चलता रहा।

तीन दिन तक खाद्यान्न पाने के लिए भागदौड़ करते हुए कार्डधारकों का कामकाज प्रभावित रहा, कई श्रमिक खाद्यान्न के चक्कर में मजदूरी पर भी नहीं गए। शुक्रवार को खाद्यान्न मिलने के बाद राशन कार्डधारक खुश नजर आए।

# सड़क के बीच बने नाले में घुसा पिकअप का पहिया, पलटते बची

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नाले में फंसी लोड पिकअप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार सुबह चार बजे सागर की तरफ से प्याज लादकर आ रहा पिकअप वाहन के दो पहिए नाले में चले गए, जिससे वाहन पलटने से बाल बाल बच गया। वाहन न पलटने से चालक को भी सुरक्षित निकाल लिया गया।

शुक्रवार को सुबह सागर से नई पिकअप वाहन प्याज लादकर महोबा आ रहा था, जैसे ही पूल्ड हाउस कालोनी चौराहे के पास वाहन तेज गति से आया तब तक वह चौराहे के बीचो बीच बन नाले को देखकर कुछ समझ पाता तब तक वाहन के दो पहिए नाले में चले गए, जिससे पिकअप वाहन पलटते से बच गया, लेकिन नई गाड़ी नाले में रुक जाने से बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई। वाहन चालक ने मालिक को सूचना दी, मालिक ने दूसरे वाहन पर प्याज लदवाकर जैक लगाकर वाहन को नाले से बाहर निकाला।

गौरतलब है कि तीन माह पहले कानपुर-सागर हाईवे में पूल्ड हाउस कालोनी में चौराहे के पास चौराहा बनाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण किया गया था। कार्यदायी संस्था ने आनन फानन में सड़क चौड़ीकरण के कार्य सड़क किनारे नाला बनाने से पहले ही कर दिया, लेकिन पालिका ने मोहल्लेवासियों के घर से आ रहे पानी की निकासी के लिए नाले का कोई इंतजाम नहीं किया। निर्माण कार्य में पानी आने से बढ़ रही दिक्कत को देखते हुए सड़क के बीचों बीच नाला बना दिया।

अब हाईवे मार्ग पर सड़क के बीचो बीच चौराहे पर नाला वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। आएदिन इस नाले में बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। वाहन चालकों ने बताया कि वह कभी सोच भी नहीं सकते कि चौराहे के बीचो बीच नाला बना होगा, इस कारण दुर्घटना घट जाती है। सड़क का चौड़ीकरण कर दिया गया, लेकिन सड़क किनारे बनाए जाने वाले नाले-नालियों को ठेकेदार भूल गया। उसकी भूल आज तक राहगीरों पर भारी पड़ रही है।

सड़क के मध्य 20 फिट लंबा नाला बना दिया गया, जिससे हाईवे से आने वाले वाहन आएदिन नाले में घुस कर पलट जाते हैं। अब तक आधा दर्जन से ज्यादा बाइक सवार भी सड़क के बीचोबीच बने नाले में गिरकर घायल हो चुके हैं। फिर भी जिम्मेदार इस समस्या की ओर गंभीर नहीं हैं। यह खुला नाला दुर्घटनाओं का कारण बना है।

# अलग अलग जगहों पर मारपीट, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● **चरखारी व पनवाड़ी थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं**

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दो लोगों को घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव कर पिट रहे लोगों को बचाया। दोनो पीड़ितों ने अपने अपने क्षेत्र के थानों में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जबकि पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना चरखारी के ग्राम बम्हौरीलका निवासी रानी पत्नी भूरा पाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह घर के बाहर चबूतरे पर बैठी थी। तभी गांव के दबंग किस्म के लोग आ गए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। बताया कि उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडो से मारपीट शुरू कर द।, तभी उसका पति उसे बचाने पहुंचा तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर थाना पनवाड़ी के ग्राम भरवारा निवासी संतोष कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बस स्टैंड के समीप सब्जी की दुकान लगा रहा था। तभी कुछ लोग वहां आए और दुकान न लगाने की बात कहकर गालीगलौज करने लगे। बताया कि उसने दुकान न हटाने की बात कही तो दो महिलाएं वहां आई और सामान फेकने लगीं। विरोध किया तो लाठी से मारपीट करना शुरू कर दी। आसपास के ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर जान से मारने क धमकी देते हुए भाग गए।

# एसपी के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च

**महोबा।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस के फ्लैग मार्च को देखने के लिए दुकानदार दुकानों से बाहर निकल कर सड़कों पर आ गए। फ्लैग मार्च के दौरान आगे आगे पुलिस अधीक्षक और पीछे भारी पुलिस फोर्स चल रहा था।

शहर में आल्हा चौक से निकाला गया फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों के अलावा पैरा मिलिट्री फोर्स भी चल रही थी। पुलिस ने सभी से मतदान करने की अपील की, साथ ही मतदान का अधिकार भी बताया। फ्लैग मार्च आल्हा चौक, ऊदल चौक, रोडवेज तिराहा, परमानंद चौराहा, पुराना प्राइवेट बस स्टैंड तहसील चौराहा, सराफा चौराहा, होते हुए कोतवाली पहुंचकर समाप्त हो गया।

# दो घरों में आग लगने से भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



घर में लगी आग को बुझाने में जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

● **ग्रामीणों और दमकल विभाग ने दो घंटे बाद आग पर पाया काबू**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहरा में एक ग्रामीण के घर में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। भीषण गर्मी में दिन दहाड़े आग लगने से आग ने उग्र रुप धारण कर लिया और पड़ोसी के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनो मकानों में लगी आग की लपटों को देखकर ग्रामीण एकजुट होकर आग बुझाने लगे, लेकिन आग की बढ़ती लपटों के आगे वह ज्यादा देर तक आग का सामना नहीं कर सके। इसी बीच ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी, मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के जवानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग की घटना से दोनो मकानों में एक लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई है।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी पूरे शबाब पर है। शुक्रवार को ग्राम गहरा निवासी अखिलेश के मकान में शार्ट सर्किट से आग लगने पर अफरा तरफी मच गई। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और आग बुझाने लगे, लेकिन तब तक आग की लपटों ने पड़ोसी काशीप्रसाद गौतम के मकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आग ने उग्र रुप धारण कर लिया। आग को बढ़ता देख ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी और चारो तरफ से आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास करते रहे, जिससे आस पास के मकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के जवानों ने घर के अंदर घुसकर पाइप को आग से बुझाना शुरू किया, जबकि आसपास के मकानों की छत पर चढ़कर ग्रामीणों ने आग बुझाई, जिसके चलते आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस अग्निकांड में लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति राख हो गई। घरों में रखा गेहूं, चना, मटर और दाले भी जलकर बर्बाद हो गई।

# वोट डालने के लिए आईडी प्रूफ के दिए गए विकल्प

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● **दो विधानसभा क्षेत्रों में 20 मई को सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान**

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 20 मई को जिले की दोनो विधानसभाओं में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होना है, जिसके मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) विकल्प के संबन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता अपनी पहचान सिव् करने के लिए अपना मतदाता को फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, लेकिन जो मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए फोटो पहचान दस्तावेजों का विकल्प दिया गया है।

उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के माध्यम से उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि मतदाता वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूडीआईडी कार्ड दिखाकर अपनी पहचान दिखाकर मतदान कर सकते हैं। लेखन अशुद्धिको नजरअंदार कर देना चाहिए।

# बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा





रैली के बाद विद्यालय में पंपलेट लिए बैठे छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

● **छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया**

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कनकुआ के छात्र-छात्राओं ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली। वही विकासखंड पनवाड़ी के आठ ग्रामों में बाइक रैली निकाली गई। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेइया में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सभी कार्यक्रमों में 20 मई को होने वाले मतदान में सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने के लिए ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता कालेज के प्रधानाचार्य ने मतदान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

विकासखंड पनवाड़ी क्षेत्र के आठ ग्रामों में मोटरसाइकिल से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जो महोबकंठ सतौरा बसरिया रूरी खुर्द कनकुवा, परा रजौनी रूरीकला घुटई क्षेत्र के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया बुजुर्ग और नए मतदाताओं को सम्मानित किय गया लगातार अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में कथा व्यास कर्मकांडी ब्राह्मण शिक्षकों का तथा अनेक समाजसेवियों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेइया मे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया, जिमसमें सभी उपस्थित छात्रों जानकारी देते हुए समाजसेवी ने अपने अपने अभिभावकों को 20 मई को अधिक अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। बीएलओ अम्बरीश कौशिक व मीना से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास की सराहना की गई ,विद्यालय स्टाफ को भी अधिक अधिक संख्या मतदान के लिए कराए गए कार्यक्रम की जानकारी ली गई। बच्चों और स्टॉफ को टॉफी और मिष्ठान वितरण कर प्रधानाध्याप श्रीमित्र त्रिपाठी ने वोट डालना क्यों जरुरी है पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर अनुभूति, संगीता, अंकित, सृस्टि, छाया, कामनी, मनोज, बलीबहादुर उपस्थित रहे। हस्ताक्षर अभियान में लक्ष्मीबाई, कमलेश, आकांक्षा, रामकुमार, अमर सिंह, विनीत कुमार, मनोज कुमार, अंकित राजपूत समेत कनकुआ, महोबकंठ, घुटई, रूरी कला के अभिभावकों के अलावा स्टॉफ से शिखा राणा, प्रीती कन्नौजिया, रानी हिर्देश, ज्योति राजपूत, दुर्गेश सहित छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# वरिष्ठ नागरिक सुबह करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक में चर्चा करते संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

● **भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों को देखते हुए पेशनर्स सेवा संस्थान ने किया आह्वान**

**अमृत विचार।** 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिकों को अपने अपने मताधिकार का प्रयोग सुबह वोटिंग शुरू होते ही मतदान करने पर जोर दिया। ताकि बुजुर्गों को लू के थपेड़ों, तेज धूप और भीषण गर्मी से बचाया जा सके।

शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में आयोजित वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संस्थान के प्रांतीय महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच लोग अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही बुजुर्ग और पेंशनर सेवा संस्थान के सदस्य भी 20 मई को वोट डालने के लिए निकलेंगे। उन्होंने हीटबेव बुजुर्गों के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती है। उन्होंने लू व भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए सुबह सबसे पहले मतदान केंद्रों पर लाइन लगाकर मतदान करने की अपील की।

# इंसुलेटेड लाइन में दौड़ेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, महोबा



इंसुलेटेड लाइन बिछाते बिजली कर्मी। अमृत विचार

● **1962 में बिछाई बिजली की लाइन हो गई जर्जर**

**अमृत विचार।** पांच दशक पहले शहर में बिछाई गई बिजली लाइन के तार जर्जर होने से आएदिन टूटकर गिरने के खतरे को देखते हुए बिजली विभाग ने इंसुलेटेड बिजली के तार बिछाना शुरू कर दिया है। इससे एक तरफ जर्जर तार गिरने से होने वाली घटनाओं पर रोक लगेगी। साथ ही ग्रामीण अंचलों में बिजली के नंगे तारों से होने वाली बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा, इससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व का फायदा होगा।

1962 में महोबा शहर में बिजली की लाइन बिछाई गई थी। उस समय शहर में चंद मोहल्लों में ही बिजली कनेक्शन थे। स्ट्रीट लाइटें जलाकर मार्गों में रोशनी की जाती थी। वह भी चंद मार्गों पर बिजली की व्यवस्था थी। शहर से रेलवे स्टेशन तक उस समय बिजली लाइन नहीं बिछाई गई, जिसके चलते तांगा चालक रात में ट्रेन से आने जाने वाली सवारियों को स्टेशन छोड़ने और वहां से रात में ही रेल से उतरने वाली सवासियों को महोबा तक लाने के लिए तांगों में लालटेन बांधकर चलते थे। लालटेन की हल्की सी रोशनी जलने से सामने से आने वाले वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा नहीं रहता था, लेकिन धीरे धीरे समूचे शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बिजली लाइन बिछा दी गई थी।

ग्रामीण अंचलों में बिजली लाइन बिछाए जाने के बाद अधिकांश ग्रामों में लोग नंगे तारों में कटिया डालकर बिजली चोरी करने लगे।

# स्ट्रांग रूम की निगरानी को बनेंगे पहचान पत्र

**कानपुर देहात।** चौथे चरण में तीन लोकसभा सीटों से जुड़ी विधानसभा अकबरपुर-रनियां, सिकंदरा व रसूलाबाद में मतदान के बाद ईवीएम व वीवीपैट को अकबरपुर डिग्री कालेज में बने स्ट्रॉग रूम में रखा गया हैं। डीएम ने चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से निगरानी के लिए पहचान पत्र जारी कराने की बात कही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि लोकसभा सीट इटावा अंर्तगत सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र, कन्नौज लोकसभा के रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र व अकबरपुर लोकसभा अंर्तगत अकबरपुर-रनियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पोल्ड ईवीएम व वीवीपैट अकबरपुर डिग्री कालेज के स्ट्रॉग रूमों में रखी हुई हैं।

**तैयारियां** — शहर के राजकीय पॉलिटेक्निक से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

# रवानगी स्थल की सुविधाएं सुदृढ़ करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पॉलिटेक्निक में व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मतदान के लिए पोलिग पार्टियां की रवानगी की तैयारियों का जायजा जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने लिया। वहीं शहर के राजकीय पॉलिटेक्निक में लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना केंद्र बनाया गया है। पॉलिटेक्निक पहुंचकर निरीक्षण के दौरान वाहन की पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई, मतदान कर्मियों को दिए जाने वाले प्रपत्र काउंटर के साथ सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने शहर के राजकीय पॉलिटेक्निक पहुंचकर पोलिग पार्टी रवानगी स्थल का जायजा लिया। साथ ही मतगणना के लिए चल रही समस्त तैयारियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारी अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्मिकों के वाहन की पार्किंग की समुचित व्यवस्था तथा सफाई सुनिश्चित कराई जाए। इस दौरान मतदान दलों की रवानगी एवं वापसी, मतदान कर्मिको को दिए जाने वाले प्रपत्र काउंटर, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य निर्वाचन से संबंधित कार्यों की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रवानगी व वापसी स्थल पर पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा रवानगी स्थल पर छाया के लिए पर्याप्त पंडाल, पंखे व कूलर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने मतगणना स्थल का भी निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह आदि रहे।

# राष्ट्रहित में सबसे आगे खड़े होते हैं बुंदेलखंड के लोग

## प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को सुनने के लिए भीड़ उमड़ी

संवाददाता,राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राठ में आयोजित जनसभा में कहा कि मैं रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि बुंदेलखंड को नमन करता हूं। बुंदेलखंड के लोग राष्ट्रहित के लिए सबसे आगे खड़े होने वाले लोग है। जिसको 4 जून का नतीजा पहले ही जानना हो वह बुंदेलखंड में यह दृश्य देख लें। पूरा बुंदेलखंड मिल कर कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

दोपहर ठीक 2:05 बजे ब्रह्मानंद महाविद्यालय के मैदान में बने हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हेलीकॉप्टर उतरा। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद नरेंद्र मोदी सीधे स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पहुंचे। जहां उन्होंने समाधि पर दंडवत होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां भी मोदी को देखने के लिए दूर तक हजारों लोगों की भीड़ खड़ी नजर आई। इसके बाद मोदी 2:25 बजे ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज के मैदान में बने जनसभा पंडाल में पहुंचे। जहां पर मंच पर भाजपा नेताओं और भाजपा प्रत्याशियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संबोधन भारत माता की जय के साथ शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि पूरे गांव गांव से इतनी जनता आई तो उन्हें हमार राम राम। मोदी के इस बात पर लाखों की तादाद में बैठी जनता मोदी-मोदी के नारे लगाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं माता बड़ी चंद्रिका और यमुना माता की धरती को श्रद्धा पूर्वक प्रणाम करता हूं। मैं रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि बुंदेलखंड को नमन करता हूं। बुंदेलखंड के लोग राष्ट्रहित के लिए सबसे आगे खड़े होने वाले लोग है। विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहाकि जिसको 4 जून का नतीजा जानना हो वह बुंदेलखंड में यह नजारा आकर देख लें। बुंदेलखंड कह रहा है एक बार मोदी सरकार मोदी सरकार। इसके बाद उन्होंने इंडी गठबंधन पर प्रहार किया कि यह सभी पार्टियां तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। दिन-रात झूठ बोलकर लोगों में भ्रम फैला रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को भारी बहुमत से जिताएं।



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते मोदी।



मंच पर जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार

### स्वामी ब्रह्मानंद को इतिहास में किया दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राठ आगमन पर लोगों की उनके भाषण सुनने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए लोग पैदल ही सभा स्थल की ओर चल पड़े। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर करीब 2:30 बजे बीएनबी डिग्री कॉलेज के मैदान में उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधे स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पहुंच कर पुष्प अर्पित किया। प्रधानमंत्री ने जनसभा में आते ही कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद जैसे महान राष्ट्रसंत को हमारी सरकार ने उनके योगदान को इतिहास में दर्ज किया, परंतु पिछली सरकारों ने उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया।



प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए पंडाल में बैठे लोग। अमृत विचार



पंडाल के अंदर पानी के लिए जद्दोजहद करती महिलाएं। अमृत विचार

### पंडाल में पीने के पानी का रहा जबरदस्त संकट

**राठ (हमीरपुर)।** प्रधानमंत्री की जनसभा के दौरान उमड़ी भारी भीड़ पानी पीने के लिए परेशान रही। पंडाल में लाखों की भीड़ के लिए पानी के कोई समुचित इंतजाम नहीं किए गए थे। जिससे 12 बजे दोपहर से बैठे लोग पानी के लिए त्राह त्राह कर उठे। आलम यह था कि सैकड़ों की तादाद में बैठी महिलाएं पानी के लिए चिल्लाती रही। इसी दौरान एक डिब्बे में पानी आने पर महिलाएं पानी के लिए टूट पड़ी। हालांकि पंडाल के बाहर पानी से भरे टैंकर लगाए गए थे। जनसभा समाप्त होने के बाद लोगों को पानी मिल सका।

# चोरी के आरोपी बेसहारा बंदी की जमानत कराई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला कारागार में चोरी के मामले में बंद बेसहारा बंदी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र देकर जमानत की आर्जी दी। जिस पर सचिव के निर्देशानुसार सीजेएम कोर्ट में जमानत मंजूर कराई गई।

बिहार राज्य के पटना जिले के थाना बख्तियारपुर के बेलथान निवासी बन्दी चुन्नू कुमार पुत्र स्व. किशन कुमार को थाना सुमेरपुर पुलिस ने स्टेशन रोड लक्ष्मीबाई तिराहा के पास से बीते 12 को अवैध तमंचे, दो मोबाइल व एक एटीएम कार्ड तथा चार चांदी की बिछिया व 1300 रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। सामान चोरी का था, जिसकी रिपोर्ट कानपुर नगर में पंजीकृत है। थाना सुमेरपुर ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जेल निरीक्षण के दौरान उसने चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल आनन्द कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल फिरोज़ आलम व सत्यम को बताया की वह बिहार का रहने वाला है। उसका कोई पैरोकार नहीं है। पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में कोई नहीं है। पुलिस ने झूठा फंसा कर गलत बरामदगी दिखाकर किसी चोरी के मुकदमे में अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया। उसका कोई पैरोकार न होने के कारण विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गीतांजली गर्ग को उसके द्वारा प्रार्थनापत्र दिया गया। जिसके निर्देशानुसार सीजेएम कोर्ट में उसका जमानत प्रार्थनापत्र असिस्टेंट फिरोज़ आलम व सत्यम ने देकर उसकी जमानत कराई ।

### खेत गए युवक को पीट कर किया अधमरा

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में दबंगों ने खेतों में शौच क्रिया के लिए गए एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को आनन फानन कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पत्नी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव की निवासी महिला पिंकी पत्नी धनप्रसाद ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके पति धनप्रसाद खेतों में शौच क्रिया के लिए गए हुए थे। जहां पर पहले से मौजूद गांव के ही दबंग प्रेम, रोहित व एक अन्य अज्ञात युवक ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पति धनप्रसाद की बेरहमी से लाठियों से पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। बताया कि दबंगों के द्वारा की गई मारपीट से उसके पति के शरीर में कई जगह गंभीर रूप से चोटें आईं हैं। बताया कि उसने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मारपीट करने वाले दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है।



खाई में पलटी स्कॉर्पियो गाड़ी। अमृत विचार

# ट्रैक्टर को बचाने में बेकाबू होकर पलटी स्कॉर्पियो

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सरीला(हमीरपुर)। राठ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व सपा प्रत्याशी चन्द्रवती वर्मा (28) अपने कार्यकर्ता राहुल (29) निवासी चंडौत, शिव नरेश राजपूत (42) निवासी पवई, मोतीलाल (45) निवासी पवई, गोकुल प्रसाद (40) निवासी चिकासी व चालक पूजन कुमार (25) निवासी इटौरा के साथ शुक्रवार सुबह स्कॉर्पियो गाड़ी से ममना गांव से लौट रही थी। ममना मार्ग पर बरगवां गांव की तरफ से अचानक ट्रैक्टर आ गया। जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत खंभा को तोड़ते हुए सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर राहुल को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। घटना की जानकारी होते ही तमाम सपा कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच गए।

### बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

सरीला(हमीरपुर)। क्षेत्र के रिरुआ बुजुर्ग गांव निवासी भैरव सिंह ने बताया कि उसका पुत्र मोहित सिंह उर्फ झब्बा (25) बाइक से रिरुआ खदान जा रहा था। तभी ट्रक ने बाइक सवार मोहित को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में निजी साधन से उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक की पिटाई कर दी है। थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की जानकारी मिली थी। लेकिन कोई तहरीर नहीं आयी है।

# ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार छात्राओं को मारी टक्कर, एक की मौत


संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मनकी मार्ग में मौरंग लदे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में स्कूटी सवार छात्राएं आ गई। इनमें आठ वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने मौरंग लदे ट्रैक्टर-ट्राली में आग लगा दी। साथ ही मनकी कुरारा मार्ग पर जाम लगा दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के समझाने पर तीन घंटे बाद जाम खुल सका। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी पूजा सिंह कस्बे के आरएन गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में शिक्षिका है। उसकी 8 वर्षीय पुत्री कौशिकी कक्षा दो की छात्रा थी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे छुट्टी होने के बाद अपने स्कूल की दूसरी छात्रा शुभी सिंह (17) पुत्री अर्जुन सिंह के साथ स्कूटी से गांव के लिए निकली थी। तभी कुरारा-मनकी मार्ग पर कुतुबपुर गांव के पहले मौरंग से लोड ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार कौशिकी की मौके पर मौत हो गई। वहीं शुभी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस ने स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं गुस्साए ग्रामीणों ने कुरारा मनकी मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की घंटों नोकझोंक होती रही। ग्रामीणों ने शव ले जाने से मना कर दिया और ट्रैक्टर में आग लगा दी। जिससे ट्रैक्टर धू धू कर जल गया। ग्रामीणों के आक्रोश को देख मौके पर कुरारा थाना पुलिस के अलावा सदर कोतवाली पुलिस, यूपी 112 की कई वाहन पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के घंटों समझाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम खोला और शव को ले जाने दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया।



मनकी मार्ग में जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार



ग्रामीणों द्वारा लगाई आग से जला ट्रैक्टर।

- **गुस्साए ग्रामीणों ने कुरारा मनकी मार्ग पर जाम लगाकर ट्रैक्टर में लगाई आग**

### कुरारा मनकी मार्ग पर दिन भर निकलते ट्रैक्टर

कुरारा-मनकी मार्ग अवैध खनन करने वालों के लिए सुरक्षित रास्ता बन गया है। बेतवा नदी से सैकड़ों ट्रैक्टर मौरंग लेकर मूसानगर प्रतिदिन आना-जाना रहता है। ट्रैक्टरों की धमाचौकड़ी से सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ग्रामीणों को आवागमन करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। सड़क सिंगल होने से क्रॉसिंग में दुर्घटना होने का ग्रामीणों को भय सताता रहता है। इसकी वजह से आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। विकासखंड क्षेत्र के पारा, कंडौर, इंद्रपुरी, बेरी बेतवा नदी से सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध खनन कर कानपुर देहात के मूसानगर में मौरंग बेची जाती है। इस बाबत ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि स्थानीय पुलिस व खनिज विभाग की मिली भगत से मौरंग का अवैध गोरखधंधा फल-फूल रहा है।

## पराली में लगी आग गांव के निकट पहुंची

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के लल्ली का डेरा गांव के पास खेतों में गेहूं की खड़ी पराली में आग लग गई। इससे आग धीरे-धीरे गांव के नजदीक फैल गई। जहां गांव के बाहर कंडे (उपले) के भटिया जलने लगे। तब ग्रामीण आग बुझाने में लग गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगे ड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के लल्ली का डेरा गांव से लगे खेतों में दोपहर दो बजे गेहूं की पराली में आग लग जाने से आग धीरे-धीरे गांव के नजदीक पहुंच गई। जहां गांव के बाहर मन्ना निषाद, अरविंद के कंडे की भटिया जलने लगे। कंडो को जलते देख ग्रामीण आनन फानन में आग बुझाने में जुट गए। लेकिन आग बुझते न देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

# श्रद्धालुओं की खड़ी कार में डंपर ने मारी टक्कर, महिला गंभीर घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कानपुर से बागेश्वर धाम दर्शन करने को जा रहे श्रद्धालुओं की खड़ी कार में कानपुर सागर राजमार्ग पर डंपर ने टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सरकारी अस्पताल से इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कानपुर निवासी प्रियंका त्रिपाठी (22) वर्ष पत्नी धर्मेंद्र त्रिपाठी अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार को कार द्वारा मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम दर्शन करने जा रहे थे। तभी कानपुर सागर हाईवे पर गहबरा चौकी के समीप वह अपनी कार खड़ी कर चाय नाश्ता करने लगे। इसी बीच कबरई को ओर से आ रहे बेकाबू डंपर ने उनकी खड़ी कार में टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी प्रियंका त्रिपाठी को गंभीर चोटें आने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं चालक अमर सिंह एवं खलासी राम सिंह को मय डंपर के कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## रुपये उधार न देने पर महिला को पीटा

**पौथिया(हमीरपुर)।** रुपये उधार न देने पर सेवानिवृत्त पेशकार की पत्नी से युवक ने गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने ललपुरा थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी मिथलेश शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि घर में शुक्रवार को शिकरी गांव निवासी बिनय दीक्षित आया और पांच हजार रुपये उधार मांगने लगा। रुपये न देने पर लात घूसों से मारपीटा।

## सार-संक्षेप



चादर निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

### सैय्यद बाबा की चादरपोशी के साथ हुआ लंगर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम बिदोखर मेदनी में सैय्यद बाबा का सालाना उर्स धूमधाम के साथ मनाया गया। चादरपोशी के साथ फातिहा के बाद लंगर का आयोजन कराया गया। गांव निवासी अहमद अली ने बताया कि सैय्यद बाबा का सालाना उर्स अकीदत मंदो के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर चादरपोशी के बाद फातिहा पढ़कर लंगर का आयोजन कराया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान लालाराम यादव, गुलाम हुसैन, इरशाद खान, इमाम अली, नासिर हुसैन, मुलायम सिंह यादव, प्रेम नारायण कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, रज्जब अली, लल्लू खान, मुसीबत अली, सुभानी, सोनू वर्मा, रामकरण यादव, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल

**हमीरपुर।** अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए 15 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जयकरण सिंह व चुनाव अधिकारी देवीचरन मिश्रा की मौजूदगी में जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिसमें विभिन्न पदों में नामांकन पत्र दाखिल हुए अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र यादव, भगवान दास दीक्षित, महेंद्र सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जब की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमलेश धुरिया निर्विरोध चुना गया। वहीं महामंत्री पद पर अश्वनी प्रजापति, शैलेन्द्र सचान कनिष्ठ उपाध्यक्ष सीनियर पद पर दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जूनियर पद पर तीन, संयुक्त सचिव पद पर तीन एवं कोषाध्यक्ष पद पर दो अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किये। अधिवक्ता संघ भवन मै सुबह से चुनावी चर्चाए गरमाई रही। अध्यक्ष व महामंत्री पद पर नये प्रत्याशियों की दावेदारी से चुनावी माहौल गर्म हो गया।

### समिति अध्यक्ष जबरिया वसूली के आरोप में गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** लक्ष्य बुंदेलखंड जन सेवा समिति के अध्यक्ष के खिलाफ जबरन वसूली करने एवं न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। अध्यक्ष के खिलाफ बिदोखर मेदनी प्रधान ने मुकदमा दर्ज कराया है। बिदोखर मेदनी प्रधान लालाराम यादव ने आरोप लगाया था कि लक्ष्य बुंदेलखंड जन सेवा समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार भारतवंशी ने पिछले नौ मई को पंचायत में पहुंचकर धमकाते हुए 20 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद रुपये की और मांग करते हुए धमकाने लगा। साथ ही फर्जी मुकदमे फंसा कर जेल भेजने की धमकी देने लगा। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी रविंद्र ने प्रधान पर साजिशन फंसाने का आरोप लगाया है।

**साहब ! यह देखिए** तालाबों में पानी न होने से पशु-पक्षी प्यास से बेहाल


# आधा दर्जन तालाब हो गए 'लापता'

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में कभी एक दर्जन तालाब थे। इनसे लोगों को वर्ष पर्यंत पानी मिलता था। गर्मियों में पशु पक्षियों की प्यास बुझती थी, धीरे-धीरे आधा दर्जन तालाब गायब हो गए हैं। मौजूदा समय में जो बचे हैं उनकी अतिक्रमण के कारण हालत बदतर है। मौजूदा समय में हरचंदन तालाब को छोड़कर सभी से पानी नदारद है। भीषण गर्मी में पशु पक्षी पानी तलाश में इधर उधर भटकने को विवश हैं।

कस्बे में तीन दशक पूर्व तक एक दर्जन तालाब थे। चकबंदी न होने के कारण कुछ भूमाफियाओं ने निजी संपत्ति बताकर तालाब में अवैध ढंग से प्लाटिंग करके उनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया है। अब महज गिने-चुने तालाब बचे हैं। इनमें हरचंदन तालाब, पाथामाई तालाब, तपोभूमि तालाब, मिचकुरिया तालाब, मारू तालाब का ही अस्तित्व बचा है।

हरचंदन तालाब को छोड़कर शेष सभी तालाबों से पानी नदारद है। हरचंदन तालाब के अलावा शेष तालाब अतिक्रमण के शिकार होकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में तालाबों से पानी नदारत होने के कारण पशु पक्षी बेहाल हैं और प्यास बुझाने के लिए रात के अंधेरे में बस्तियों के अंदर घुसने को मजबूर हो रहे हैं।



सूखा पड़ा पाथामाई का तालाब। अमृत विचार

## बाइक सवार ई-रिक्शा से टकरा कर ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसे, घायल

**मौदहा।** शुक्रवार की देर शाम बाइक से फत्तेपुर जा रहे तीन युवक सामने से आ रहे ई रिक्शा से टकराते हुए सीधा ट्रैक्टर में में जा भिड़े। जिससे तीनों को गंम्भीर चोटें आई हैं। तीनों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। फतेहपुर निवासी सलमान, सोहेल व समीर शुक्रवार की शाम 7:30 बजे बाइक से तहसील मार्ग होते हुए फतेहपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। तभी वंस नाला के निकट सामने से आ रहे ई रिक्शा से टकराते हुए बगल से निकल रहे ट्रैक्टर ट्राली के नीचे जा घुसे। जिससे इन्हें गंम्भीर चोटें आई हैं। युवक हेलमेट नहीं लगाए थे। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पिता की डांट पर किशोर ने खुद को कमरे में बंद किया

संवाददाता,पौथिया(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पिता की डांट पर 12 वर्षीय बेटे ने कमरे के अंदर की कुंडी बंद कर सबको दहशत में डाल दिया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घर का जंगला खुदवा कर सुरक्षित बाहर निकाला।

ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी रवि (12) पुत्र संजय ने पुलिस को बताया गुरुवार को पिता शराब पीकर आया और स्कूल जाने को लेकर डांटा डर के कारण मैंने घर के अन्दर से कुंडी लगा ली। बताते चलें कि दो दिन तक लड़के ने कुंडी नहीं खोली जिससे परिजनों के हांथ पांव फूल गए और दरवाजा खोलने के लिए कहते रहे लेकिन लड़के ने दरवाजा नहीं खोला तभी ग्राम प्रधान सहित डायल 112 पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का जंगला खुदवा कर लड़के को सुरक्षित बाहर निकाला और शराबी पिता को जमकर खरी खोटी सुनाई।

- **यूपी-112 पुलिस ने जंगला तुड़वा कर सकुशल बाहर निकाला**



किशोर को समझाती पुलिस व लगी भीड़।

# चुनाव में 87 सेक्टर व 21 जोनल मजिस्ट्रेटों की होगी जिम्मेदारी

## लोकसभा चुनाव : 851 पोलिंग स्टेशन बनाए गए, अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात रहेगा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को प्रेक्षक वी कलाईराशि की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि जिले में 851 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया के लिए 87 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 21 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बल भी मुस्तैद रहेंगे।

बैठक में पुलिस प्रेक्षक जय विश्वास, व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती, जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर मौजूद रहे। डीएम ने स्लाइड के माध्यम से प्रेक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कहा कि चित्रकूट में 20 मई को मतदान है। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी बूथों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। सेक्टर मजिस्ट्रेटों का जिन सड़कों से आवागमन हो, वे सही होनी चाहिए। पार्टी रवानगी से पहले ट्रैफिक का भी निरीक्षण करें। व्यय प्रेक्षक ने चेक पोस्टों पर चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी व वॉइस रिकॉर्डिंग कराने के निर्देश दिए। डीएम ने आगाह किया कि कहीं भी ला एंड ऑर्डर की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान स्थल पर पहले पुलिसकर्मी किसी को रोके नहीं और अगर कहीं संदेह हो तो पीठासीन अधिकारी को सूचित करें। मोबाइल लेकर बूथ में प्रवेश नहीं होना चाहिए इसका साइन बोर्ड भी लगवाएं। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, कर्वी सौरभ यादव, सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।



चुनाव संबंधी बैठक में मौजूद प्रेक्षक व डीएम। अमृत विचार

### ड्रोन कैमरे से सीतापुर एवं भरतकूप की निगरानी

चित्रकूट। चुनाव के मद्देनजर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी के निर्देशन में सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को सीतापुर एवं भरतकूप के विभिन्न स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

### एसपी ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक

चित्रकूट। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना प्रभारियों के साथ चुनाव संबंधी बैठक की। हिदाय दी कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से कोई भी अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। मतदान ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को लंच पैकेट उपलब्ध कराया जाए। सभी थाना प्रभारी क्षेत्र में फ्लैग मार्च करें। इस मौके पर चुनाव सेल प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, प्रवीण कुमार सिंह के अलावा प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



राजीव कुमार का स्वागत करते युवा। अमृत विचार

# भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

संवाददाता मऊ (चित्रकूट)

- प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से की सोशलिस्ट विचारधारा के प्रचार-प्रसार की अपील

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय का नगर आगमन पर स्वागत किया गया।

एक निजी कार्यक्रम में बांदा जा रहे प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय का स्थानीय युवाओं ने बस अड्डे पर स्वागत किया। उनके साथ आए प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राज द्विवेदी एवं प्रदेश महामंत्री वीएन मिश्रा का भी युवाओं ने माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से सोशलिस्ट विचारधारा के प्रचार-प्रसार की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी सबको साथ लेकर चलने की परंपरा का सदैव निर्वहन करती रहेगी। इस दौरान शारदा अग्रहरि, विपुल पांडेय, विकास द्विवेदी, अभिनव राज त्रिपाठी, श्रेयांश उर्फ बेटू बाजपेई, प्रकाश शुक्ला, राजा शुक्ला, मुकुल त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मानवाधिकार आयोग ने एसपी से मांगी रिपोर्ट

**चित्रकूट।** अधिवक्ता से गालीगलौज और धमकी देने के कथित मामले में उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग लखनऊ ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। उनसे 20 जून तक वांछित सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया है। यह जानकारी अधिवक्ता रामकृष्ण ने दी। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को सब्जी मंडी में उनसे कुछ लोगों ने एक मामले की पैरवी न करने की बात कहते हुए गालीगलौज की थी और मारपीट पर आमादा हो गए थे। इस संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। साथ ही उनके विरोधियों से मिलीभगत करके फर्जी हस्ताक्षर के फार्मेट की फोटोकापी तैयार करके उनका गैरकानूनी तरीके से चालान करने का प्रयास भी किया गया था। आरोपियों से उनको और उनके परिवार को खतरा होने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई थी। अधिवक्ता ने बताया कि इस पर उन्होंने मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को प्रार्थनापत्र भेजा था। बताया कि इस पर उप्र मानव अधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक से 20 जून तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने की अपेक्षा की है।

### जहरीला कीड़ा काटने से हुई महिला की मौत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** रेहुंटा गांव में जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत हो गई। मनीषा (25) पति की मौत के बाद अपने सात वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। गुरुवार रात घर के पास शौच को गई थी, इस दौरान उसको जहरीले कीड़े ने काट लिया। मनीषा को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### चेकिंग के दौरान कार से बरामद हुए 2.5 लाख रुपये

**उरई, जालौन।** एट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से ढाई लाख रुपये नकद पकड़ कर जब्त किए। चुनाव आचार संहिता के चलते पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को एट थाना पुलिस और एफएसटी टीम के संयुक्त चेकिंग में एक कार को रोका गया। चालक राघवेंद्र पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम रवा, कोतवाली कोंच से 2 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए गए। चालक बरामद कैश का कोई पक्का सबूत पेश नहीं कर पाया, जिससे पुलिस ने रुपये जब्त कर लिए।

### दोस्त से पैसे दिलाने की मांग

**बांदा।** नगर कोतवाली क्षेत्र शंकर नगर निवासी सनी पुत्र राजबहादूर ने बताया कि मेरे दोस्त अमन गुप्ता पुत्र सुमन गुप्ता निवासी शंकर नगर मेरे मोबाईल नम्बर से पैसे निकाल कर अपने खाते में ट्रांसफर कर देता था। मुझे जानकारी हुई तो मैंने उससे पैसे मांगे तो वह मुझे और मेरे परिवार को मजान से मांरने की धमकी देता है। उसने कोतवाली प्रभारी से कार्यवाही कर पैसे दिलाने की मांग की है।

### रूट मार्च कर भयमुक्त मतदान का संदेश दिया

**कुरारा।** कस्बे में मतदान की तिथि नजदीक आने से शुक्रवार को थाना पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल ने रूट मार्च कर लोगों को बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया। आगामी बीस मई को मतदान के लिए स्थानीय महाविद्यालय में अर्द्ध सैनिक बल रुका है। जो क्षेत्र के गांवों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराएगा। आज थाना पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने बस स्टैंड से लेकर ब्लाक मुख्यालय तक पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया तथा बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया।

### रोडवेज बस अड्डे के पास मिला शव

**महोबा।** शहर के रोडवेज बस अड्डे के पास एक अज्ञात शव मिला। रोडवेज कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। डॉक्टर का कहना है कि उसकी शिनाख्त कराई जा रही है। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### पीड़ित परिवार से मिले आभास महासंघ के पदाधिकारी

**चित्रकूट।** अनुसूचित जाति की किशोरी से हुई दरिंदगी और हत्या मामले में आभास महासंघ चित्रकूट इकाई के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। बताया कि इस संबंध में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक रवींद्र, जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, सीएल भारती, बुद्धविलास वर्मा, राजबहादुर, राहुल वर्मा आदि रहे।

### अवैध खनन में जेसीबी और चार ट्रैक्टर सीज

**अयाना,औरैया।** सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने शुक्रवार दोपहर को अवैध खनन की जानकारी पर भासौन में छापा मारकर एक जेसीबी , एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली व तीन खाली ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली। जानकारी पर आए ए.आर.टी.ओ. अशोक कुमार ने खनन कर रहे लोगों से खनन संबंधी व वाहनों के कागजात मांगे। कागजात न दिखा पाने पर उन्होंने सभी वाहनों को सीज कर करीब कुल ढाई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### दबंगों ने तोड़ी विद्यालय की दीवार

**औरैया।** कस्बा बेला के दिबियापुर रोड स्थित वीणा वादिनी शिशु मन्दिर में चाहारदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा था वहीं गुरुवार शाम विद्यालय में आये निर्मल यादव उर्फ अलोक पुत्र शिवसिंह निवासी दिबियापुर रोड बेला अपने अज्ञात दोस्तों के साथ आया और प्रधानाचार्य अनुपम के साथ निर्माण कार्य रोकने को लेकर गालीगलौज करने लगा। ज़ब प्रधानाचार्य ने विरोध किया तो निर्माण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं गुरुवार रात्रि अपने दोस्तों के साथ आकर निर्माणधीन दीवार को गिरा दिया।

### जाहरवीर की जन्म कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

**अछल्दा, औरैया।** शुक्रवार को विकास खंड के नगला कहारन में चल रही श्री जाहरवीर कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा प्रवक्ता आचार्य सतेंद्र सावरिया महाराज ने गोगा जाहरवीर के जन्म की कथा सुनाई। प्रवक्ता आचार्य सतेंद्र सावरिया महाराज ने कहा राजस्थान के महापुरुष गोगाजी का जन्म भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। मान्यता है कि गोगा जी की मां बाछल देवी निसंतान थीं। गुरु गोरखनाथ 'गोगामेडी' के टीले पर तपस्या में लीन थे। बाछल देवी ने उन्हें अपनी परेशानी बताई तभी गुरु गोरखनाथ ने उन्हें पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया। गोरखनाथ ने बाछल देवी को प्रसाद के तौर पर गुगल नमक दिया। यह प्रसाद खाकर बाछल देवी गर्भवती हो गईं। इसके बाद गोगा देव (जाहरवीर) का जन्म हुआ। गुगल फल के नाम से ही इनका नाम गोगा जी जाहरवीर पड़ गया।

# आशुतोष के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पत्रकार। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की जिला इकाई ने पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या की निंदा की। जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय के घर में हुई बैठक में पत्रकारों ने इस बात पर चिंता जताई कि पत्रकारों की जान को खतरे बढ़ते जा रहे हैं। बाद में एसडीएम प्रमोद झा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

कमलेश ने कहा कि जौनपुर के शाहगंज थाना क्षेत्र के इमरानगंज निवासी पत्रकार आशुतोष की हत्या की जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि पत्रकार के हत्यारों का न तो खुलासा किया गया और न गिरफ्तारी की गई। अगर जल्द ही आरोपी पकड़े नहीं गए तो क्लब के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बाद में पत्रकारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें मुख्यमंत्री से आरोपी की गिरफ्तारी, पत्रकार की विधवा को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये की मांग की है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा, राजकुमार उपाध्याय, बालकृष्ण शर्मा, भरत लाल जायसवाल, शिवपूजन गुप्ता, सुशील द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अशोक द्विवेदी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# वार्षिक बैठक में शिक्षकों को कराया गया कर्तव्य बोध

**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन इकाई के तत्वाधान में आयोजित संकुल क्षेत्र की वार्षिक बैठक में शिक्षकों को कर्तव्य का बोध कराया गया। कहा कि सोए समाज को जगाए रखना हरेक शिक्षक का दायित्व है। टीचर सोसाइटी चुनाव में सदस्य अभियान करेगा और चुनाव भी लड़ेगा।

तिंदवारी ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन इकाई के तत्वाधान में संकुल क्षेत्र के शिक्षकों की बैठक के साथ कर्तव्य बोध प्रशिक्षण आयोजित हुआ। संगठन अध्यक्ष संतोष सिंह कछवाह ने कहा कि कार्यपद्धति में सकारात्मक सोच और कर्तव्यों के पालन के साथ ही शिक्षक पीढ़ियां तराशने का कार्य कर सकता है। कर्त्तव्य बोध की भावना व्यक्ति, परिवार और समाज सभी में जागृति होगी तो देश महान बनेगा। कर्त्तव्य-बोध से तात्पर्य है आत्मप्रेरणा से संवेदनापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना।

# ब्राह्मणों में कोई नाराजगी नहीं, लोग अफवाहें फैला रहे : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- उप मुख्यमंत्री पहुंचे चित्रकूट, बनाएंगे रणनीति

**अमृत विचार।** चित्रकूट कार्यालय अमृत विचार। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि यहां प्रत्याशी के खिलाफ ब्राह्मण समाज में कोई नाराजगी नहीं है। लोग अफवाहें फैला रहे हैं।

शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री चित्रकूट पहुंचे। बेड़ी पुलिया में नवीन बस अड्डे पर बने हेलीपैड में भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते समय पाठक पूरे प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत के प्रति आश्वस्त नजर आए। उन्होंने कहा कि लोग सपा शासन में गुंडई को भूले नहीं है और कांग्रेस को लोगों ने भ्रष्टाचार की वजह से पहले ही नकार दिया है। उन्होंने दावा किया कि बांदा-चित्रकूट सीट पर किसी की कोई नाराजगी नहीं है। पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज एकजुट है और भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इस प्रकार की जो अफवाह फैला रहे हैं, इसका मैं जोरदार खंडन करता हूं। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन ज्वाइंट मीटिंग के नाम पर सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस की औपचारिकता कर रहा है। दावा किया कि प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा जीतेगी। लोगों का भरोसा भाजपा पर बढ़ रहा है। राहुल को वायनाड में हार दिखी तभी पलटकर रायबरेली आए हैं पर वहां से भी हारेंगे। सपा सरकार में बुंदेलखंड में ट्रेन से पानी मंगाना पड़ता था, आज मोदीजी की कृपा से गांव गांव पानी की टंकियां बन रही हैं और घरघर नल से जल पहुंचाया जा रहा है।



# गर्भवती थी नाबालिग, दो पर दर्ज हुई नामजद रिपोर्ट

चित्रकूट कार्यालय अमृत विचार। रैपुरा थाने के एक गांव में हुई नाबालिग की हत्या मामले में पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी का गर्भवती होना पाया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रैपुरा थानांतर्गत गांव में किशोरी का शव घर के पास के खेत में पाया गया था। शव की हालत से पता चलता था कि उसे गला घोटकर मारा गया है। इस संबंध में पिता की तहरीर पर गांव के दो लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसओ शैलेंद्र चंद्र पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रेप की बात सामने नहीं आई है पर उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पता चला है कि आरोपी बाहर भाग गए हैं, जल्द ही इनको पकड़ लिया जाएगा। मामले की कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद कस्बे से बाजार करके घर वापस जा रही एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव भूरेपुर निवासी 50 वर्षीय कुसुमा देवी पत्नी महेश चंद्र राजपूत गुरुवार की शाम फफूंद से बाजार करके घर वापस जा रही थी। फफूंद अछल्दा रोड पर बारह इंचा के सामने वह ऑटो से उतरकर सड़क पार करने लगी तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। राहगीरों ने उसे उठाकर किनारे किया और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन महिला को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पंचायत की पूर्व प्रधान शिल्पी ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया ।



कुसुमा देवी।

### बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर

**फफूंद, औरैया।** गुरुवार देर शाम फफूंद से अपने गांव जा रहे एक बाइक सवार को पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी बाइक सवार रोड पर गिरकर घायल हो गया जबकि टक्कर मारकर दूसरा बाइक सवार भाग गया। थाना क्षेत्र के गांव बन का पुर्वा निवासी लालू पुत्र राजबीर गुरुवार की रात फफूंद से अपनी बाइक से गांव जा रहा था ख्यालीदास मंदिर के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहा एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसके टक्कर मार दी जिससे आगे चलने वाला बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया पीछे से टक्कर मारने वाला बाइक सवार भी गिर गया राहगीरों की भीड़ जमा हो गई राहगीरों ने घायल को उठाया तब तक टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी बाइक लेकर भाग निकला।

# वेब सीरीज इंस्पेक्टर शिवानी की शूटिंग शुरू

ककोर संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर में इंस्पेक्टर शिवानी वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हुई है।

इसमें प्रमुख किरदार निभाने वाले सौभाग्य बाजपेई, आकाश त्रिवेदी, तुषार पांडे, आकाश द्विवेदी, रजौली बॉस, वाशी खान, आफरीन खान, अस्मिता, संजय चंदेल, सुहाना खातून, ए.के.राज, धीरेंद्र पांडे सहित अन्य कलाकार रहे। इस वेब सीरीज का डायरेक्शन दिलीप श्रीवास कर रहे हैं।

मुंबई से आए हुए कलाकारों द्वारा एवं स्थानीय कलाकारों के माध्यम से इस वेब सीरीज का शूटिंग जनपद में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। डायरेक्टर दिलीप श्रीवास ने बताया स्थानीय कलाकारों को वरीयता के माध्यम से इस वेब सीरीज में जोड़ा जाएगा ऐसी फिल्मों का निर्माण अनवरत चलता रहेगा।

**सियासत** भाजपा से आरके सिंह पटेल, सपा से कृष्णा पटेल और बसपा से मयंक द्विवेदी हैं प्रत्याशी

# दिग्गज नेताओं की जनसभाओं के बाद बन और बिगड़ रहे समीकरण

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट



- चार जून को पता चलेगा किसकी रणनीति रही कारगर
- दोनों जिलों की राजनीति में पटेल वोटरों पर रहीं निगाहें

**अमृत विचार।** इस बार बांदा-चित्रकूट सीट का लोकसभा चुनाव रोचक है और लोगों की उत्सुकता बढ़ाने वाला भी। जैसे जैसे 20 मई की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे वैसे प्रत्याशी और उनके समर्थकों की धड़कनें भी तेज होती जा रही हैं। इस बार की खास बात यह रही कि पिछले कई चुनावों से जहां जनसभाओं का केंद्र चित्रकूट रहा, वहीं इस बार बड़े राजनेताओं ने बांदा और वह भी अतर्रा में चुनावी उद्बोधन दिया। कोई आश्चर्य नहीं कि चुनाव होते होते एकाध और कोई नेता बांदा में चुनावी सभा कर दे।

इसकी वजह भी साफ है। लंबे समय से चित्रकूट जिला ही सांसद देता रहा है। मुख्य पार्टियों ने यहीं से अपने प्रत्याशी दिए हैं और उन्हीं में से चुनकर कोई दिल्ली पहुंचा है लेकिन इस बार तस्वीर जरा उलट है और यही भाजपा प्रत्याशी और पार्टी नेताओं के लिए काफी हद तक चिंता का विषय भी है। बांदा से जहां समाजवादी पार्टी ने पहले शिवशंकर सिंह पटेल और फिर उनकी पत्नी कृष्णा पटेल को प्रत्याशी बनाया तो वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मयंक द्विवेदी को एक रणनीति के तहत मैदान में उतारा। उधर, आम तौर पर प्रत्याशी चयन में देरी लगाने वाली भाजपा ने इस बार सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया और सांसद आरके सिंह पटेल पर ही विश्वास जताया। जिस तरह से पिछले लोकसभा चुनाव में मानिकपुर विधानसभा सीट से त्यागपत्र दिलाकर आरके को मैदान में तब उतारा गया था तब भी पार्टी पर यह सवालिया निशान तो लगा ही था कि क्या पार्टी के पास कोई दूसरा चेहरा नहीं है, जिसपर वह दांव लगा सके और क्या मऊ-मानिकपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराना उचित है।

पार्टीलाइन को देखते हुए खुलकर बोलने से बचते हुए भी इनका कहना है कि इस तरह से तो उन तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की उपेक्षा होती है जो आगे बढ़ने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर काम करते हैं। कुछ तो यहां तक कह जाते हैं कि अगर केंद्र और राज्य सरकार को अपने काम पर भरोसा था तो फिर किसी नए चेहरे को भी मौका देना चाहिए था। उधर, लंबे अरसे के बाद बांदा से भी प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के उतरने से एक अलग तरह की लहर दिख रही है। लगभग 35 साल से बांदा जिले से कोई प्रतिनिधि दिल्ली नहीं पहुंचा और यह समीकरण और तथ्य अगर कोई परिणाम दे दे तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए। हालांकि आरके के समर्थक इस बात को स्वीकार नहीं करते और दावा करते हैं कि अपने कामों की बदौलत आरके इस बार फिर दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चित्रकूट में हुई जनसभा को छोड़ दिया जाए तो अन्य राजनेताओं ने इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए अतर्रा में जनसभाएं कीं कि वहां के लोगों को भी लुभाया जाए। पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, फिर बसपा सुप्रीमो मायावती और फिर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभाओं से यह बात तो साफ है कि इस बार सभी प्रमुख दलों के लिए यह लोकसभा सीट कितनी महत्वपूर्ण है। यहां यह भी बताना जरूरी होगा कि इस सीट पर अनुसूचित जाति के वोटों के बाद ब्राह्मण समुदाय के वोट सबसे ज्यादा हैं।

पटेल समुदाय के वोटों का तो हमेशा से महत्व रहा है और दोनों जिलों की राजनीति में इस समुदाय का क्या योगदान रहा और कितने जनप्रतिनिधि दिए यह किसी से छिपा नहीं। अब समय ही बताएगा कि किसकी रणनीति कितनी सफल रही।

### एक समुदाय विशेष का लाभ लेने की कोशिश

बसपा की यह रणनीति जाहिर है, भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी वाले समुदाय का लाभ लेने की है। जिस तरह से दोनों पक्षों से बयानबाजी चल रही है, उससे साफ भी है कि यह मुद्दा गरमाया रहेगा और यह देखना भी रोचक रहेगा कि इसका कितना असर चुनाव परिणाम पड़ रहा। सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों द्वारा जिस तरह से टिप्पणियां की जा रही हैं, वह भी यह प्रमाणित करने को काफी हैं कि कड़ुवाहट किस हद तक पहुंचती जा रही है।

### नौ बार स्थानीय नेता चुना गया सांसद

जिला बनने के बाद से 1998 के आम चुनाव से लेकर अब तक चित्रकूट जिले का निवासी प्रत्याशी ही दिल्ली पहुंचता रहा है। 17 लोकसभा चुनावों में पांच बार बांदा और नौ बार चित्रकूट जिले से सांसद चुने गए। इसकी एक वजह यह भी रही कि प्रमुख राजनीतिक दलों ने चित्रकूट निवासी को ही प्रत्याशी बनाया। इस बार बांदा से दो दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी मैदान में हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# अब सलाघाट पर नहीं मना सकेंगे पिकनिक

## जिला प्रशासन ने बेतवा नदी के सलाघाट को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया, सीसीटीवी के जरिए रखी जाएगी नजर

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** प्राकृतिक व विहंगम सलाघाट पर अब लोग पिकनिक नहीं मना सकेंगे। न ही यहां पर कोई स्नान और घूम सकेगा। जिला प्रशासन ने इस स्थान को निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसकी सीसीटीवी से निकरानी की जाएगी। प्रशासन ने यह कदम गत दिनों यहां नहाते समय डूबे पांच विद्यार्थियों की मौत के बाद उठाया है।



सलाघाट के पास बहती बेतवा नदी। अमृत विचार

- गत दिनों पिकनिक मनाने गए पांच छात्र डूब गए थे, इसलिए प्रशासन ने लिया निर्णय

### होगी बैरीकेडिंग

अधिशासी अभियंता, बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम उरई को बेतवा नदी के सलाघाट क्षेत्र का सीमांकन कराते हुए बेरीकेटिंग कराने के भी आदेश दिए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी ने बैरीकेडिंग वाले क्षेत्र में प्रवेश निषेध के संकेतात्मक बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

जनपद जालौन की सीमा में प्रवाहित बेतवा नदी के तहसील कोंच के थाना कोटरा के अन्तर्गत बेतवा नदी के किनारे स्थित पिकनिक स्पॉट सलाघाट पर स्नान करने के उद्देश्य से जाने वाले पर्यटकों को नदी में डूबने एवं उनकी मृत्यु की घटनाएं घटित होने के प्रकरण को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लिया है। बताया जाता है कि बीते एक साल में साला घाट में नहाते समय 20 लोगों से ज्यादा की नदी में डूबकर मौत हो चुकी है। करीब पांच दिन पूर्व इसी सलाघाट में उरई से पिकनिक मनाने गए पांच छात्रों की नदी में डूब कर मौत हो गई थी।

24 घंटे चले रेस्क्यू में गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद पांचों युवकों के नदी से शव निकाले थे।

उक्त प्रकार की दुःखद् एवं असामयिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के दृष्टिगत डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने बेतवा नदी के सलाघाट पर स्नान करने हेतु जाने वाले समस्त नागरिकों को नदी में प्रवेश करने एवं नदी स्थल पर स्नान करने के लिए अग्रिम आदेश की अवधि तक के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं स्नान करने व स्नान करने से प्रेरित करने व स्नान हेतु नदी पर जाने वाले ऐसे सभी नागरिकों द्वारा प्रश्नगत निर्देश, आदेश का उल्लंघन करते हुए बेतवा नदी के निषिद्ध वाले क्षेत्र में किसी प्रयोजन से प्रवेश किए जाने पर व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष कोटरा आदेश का अनुपालन कराएंगे। खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोटरा उक्त स्थल पर सीसीटीवी लगाकर निगरानी करेंगे।

# पुलिस पर फायर किया, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उरई,जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली उरई पुलिस ने बीती रात चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरियों के जेवरात और नकदी के साथ दो तमंचे बरामद किए है। आरोपियों ने पुलिस को देखकर फायर कर दिया था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

- एक आरोपी भागने में हुआ कामयाब, तलाश जारी

पुलिस के अनुसार बीती रात्रि उरई कोतवाल गश्त पर थे तभी फोरलेन के किनारे 5 युवक संदिग्ध हालात में दिखे, जब पुलिस ने उनसे पूछताछ करनी चाही तभी बदमाशों ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। तब सचेत हुई पुलिस ने घेरकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन पंडित पुत्र बेदप्रकाश निवासी मरघटा उरई पर 9 मुकदमे, अरबाज राइन पुत्र अजमेरी राइन, निवासी गणेश गंज उरई पर 7 मुकदमे, समीर राइन पुत्र आजाद राइन निवासी मालवीय नगर कस्बा कोंच पर 2 मुकदमे, वीरू बरार पुत्र श्याम बाबू निवासी कुकर गांव कोतवाली उरई पर 4 मुकदमे दर्ज हैं।

इनका साथी फरार छोटू उर्फ शिवा अहिरवार पुत्र शिव शंकर निवासी रामनगर उरई पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 5 जोड़ी चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, बिछिया, 5 चांदी के सिक्के, 3 हजार रुपये नकद, 3 फोर जी मोबाइल तथा 2 तमंचे व कारतूस बरामद किए है।

# कैबिनेट मंत्री अनिल जाटव ने समाज की बैठक कर भाजपा के लिए मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार में आरएलडी के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जाटव ने शहर के मोहल्ला बघौरा स्थित सेठ मूलचन्द विद्यालय में जाटव समाज की बैठक की। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कैविनेट मंत्री जाटव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आये हैं तथा जाटव समाज के लोगों को एनडीए गठबंधन को वोट देकर विजयी बनाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि दस साल से एनडीए गठबंधन की सरकार में सभी समाज के लोगों को भागीदारी मिल रही है। वोट को बूथ तक डालने के लिए पहुंचाना है। प्रदेश संगठन सचिव मनोज बुधौलिया ने कहा कि मोदी सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं उनमें किसी भी तरह का भेदभाव नहीं बरता जा रहा है।



कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जाटव व समाज के लोग। अमृत विचार

इस मौके आरएलडी के जिलाध्यक्ष विपिन शिवहरे ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जाटव का फूल मालाओं से स्वागत कर भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा जिताने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से महिपाल जाटव, वीरसिंह जाटव, बृजमोहन सिंह महानगर अध्यक्ष झांसी, अनिल जाटव, नौशाद खां, निखिल जाटव, संतोष सलौनिया, अजय रावत प्रदेश सचिव झांसी, छात्रसंघ जिलाध्यक्ष मोहन गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर फिर की मतदान बहिष्कार की घोषणा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** साधारा से दौलतपुर सड़क का काम अधिकारियों के आश्वसन के बाद भी शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों ने पुनः प्रदर्शन कर मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी। कालपी तहसील के नूरपुर, नसीरपुर, हैडलपुर, साधारा, मुसमरिया, अतरिया समेत कई गांव के लोगों ने प्रदर्शन कर अपनी मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि दो सप्ताह पूर्व जब उन्होंने प्रदर्शन किया था तो प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंच कर दो सप्ताह में सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था। जिससे किसानों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया था, मगर अधिकारियों द्वारा सड़क का काम शुरू नहीं करवाया गया। इसी लिए ग्रामीणों ने बहिष्कार का निर्णय लिया गया है।



सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार



कालपी-कदौरा मार्ग से गुजरता राहगीर।

# कालपी से कदौरा मार्ग कच्चा, परेशान हो रहे ग्रामीण और राहगीर

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** स्थानीय तहसील मुख्यालय कालपी से कच्चे मार्गों को पक्की सड़क निर्माण करने की मांगे इस लोकसभा चुनाव-2024 में फिर दबकर रह गई हैं। आजादी के बाद से दर्जनों गांव के वाशिंदों को आने-जाने के लिए कच्चे मार्गों से होकर ही गुजरना पड़ा है। जिससे आने-जाने में लोगों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

कालपी से कदौरा को जोड़ने वाला कच्चा मार्ग कालपी नगर के मोहल्ला आलमपुर से होकर निकला है, जो धमना, लमसर होते हुए कदौरा को जोड़ता है। ब्रिटिश शासन काल तथा नवाबों के समय इस कच्चे मार्ग का उपयोग आने जाने के लिए किया जाता था। लेकिन अब कालपी जोल्हूपुर मोड़ से होकर नेशनल हाईवे मार्ग से आना जाना होता है। इस मार्ग से आने-जाने के लिए समय तथा धन दोनों की ही बर्बादी होती है। धमना निवासी जयवीर सिंह, सरनाम सिंह बताते है कि लंबे समय से कालपी-कदौरा कच्चे मार्ग को पक्का निर्माण कराने के लिए मांगे उठती रही हैं। लेकिन चुनावी समय में नेताओं के द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते रहे हैं। लेकिन कई दशक गुजर जाने के बाद भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। इस लोकसभा चुनाव में सड़क निर्माण का मुद्दा भी नहीं उठ सका।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाई, मौत

**माधौगण जालौन।** भीम नगर निवासी रवि पुत्र शीतल उम्र 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवार ने रवि को कमरे के अंदर पंखे से लटका हुआ देखा तो इसकी सूचना तत्काल माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक को दी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया तथा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित भाजपा में हुए शामिल

**माधौगढ (जालौन)।** जनपद जालौन के अन्तर्गत माधौगढ़ ब्लाक के एवं कई दलों में वर्षों से राजनीति कर रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदामा दीक्षित भाजपा में शामिल हो गए। सुदामा दीक्षित ने अमेठी में जनसभा करने आए गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**कुठौंद जालौन।** सिरसा कलार क्षेत्र के हालेपुर मंदिर में चल रही भागवत कथा के समापन पर हवन पूजन के बाद भंडारा हुआ। भंडारे का प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



विद्यार्थियों को योगाभ्यास करातीं शिक्षिका। अमृत विचार

# परिषदीय विद्यालय में बच्चों को कराया योगाभ्यास

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा एवं दीक्षा तथा योगाभ्यास के कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के निर्देशन पर परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीगंज कालपी में प्रधानाचार्या संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बच्चों को जानकारी दी। मालूम हो कि महेवा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीगंज में वर्तमान शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही हैं। जिसमे सैकड़ा भर से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। प्रधानाचार्या संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिका रेखा भास्कर के साथ विद्यालय के बच्चों को दीक्षा एवं स्विफ्ट नेट के माध्यम से पढ़ाकर शिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपचारात्मक प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त कार्य पत्रक की फोटो कॉपी करने के बाद उसे पैटर्न पर शैक्षणिक का नियमित कराया जाता है।

# ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग रहा अंकुश

**उरई (जालौन)।** जालौन के परिवहन विभाग पर सीएम के निर्देशों का कोई असर होता नहीं दिख रहा है। जिले में सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड ट्रक सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

इससे जिले की सड़कें ध्वस्त होती जा रहीं हैं। वहीं परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। कार्रवाई के नाम पर जिले का परिवहन विभाग तमाम दावे कर रहा है लेकिन जमीनी तौर पर देखा जाए तो टेम्पो, ऑटो का चालान कर विभागीय अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जालौन में परिवहन विभाग और ओवरलोडिंग का गठजोड़ है। मुख्यतः मौरंग लेकर चलने वाले ट्रक बाहुबली य सफेदपोशों से जुड़े लोगों के होते हैं। प्रभावी अंकुश के लिए जिले में लंबे समय से प्रसाशन, परिवहन और पुलिस का कोई भी संयुक्त अभियान नहीं चलाया गया है। इससे इनके हौसले और बुलंद हैं।

# पांच स्थानों पर ठहरेंगे जवान

संवाददाता कालपी (जालौन)

- अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृत विचारः** आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान को लेकर स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गैर जनपदों से चुनाव ड्यूटी में कालपी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों तथा होमगार्ड के जवानों के ठहराव के लिए पांच भवनों में व्यवस्था की गई है। ठहराव स्थल में पानी, बिजली, स्वच्छता समेत सुविधाओं के इंतजाम किये गये हैं। अधिकारियों ने ठहराव स्थलों में स्थलीय निरीक्षण कर जवानों के सुख सुविधाओं की हकीकत परखी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद तथा अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह, ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार के द्वारा ठहराव स्थल के भवनों का घूम-घूम कर निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभागिग सूत्रों के अनुसार नगर पालिका के द्वारा संचालित शेल्टर होम, फातिमा माता विद्यालय लंगरपुर में अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को ठहराया जाएगा। कालपी कालेज कालपी में पुलिस कर्मी ठहरेंगे तथा जोल्हूपुर स्थित इंटर कॉलेज में होमगार्ड के जवानों का ठहराव स्थल है। इसके अलावा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बड़ा बाजार में भी फोर्स का ठहराव की व्यवस्था है। कोतवाल कामता प्रसाद ने थानेदारों के साथ शेल्टर होम, इंटर कॉलेज तथा डिग्री कालेज का घूम-घूमकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, शौचालय, जनरेटर तथा साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भवनों में फोर्स का ठहराव होगा उन जगहों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



शिकायती पत्र सौंपने जाते किन्नर।

### किन्नरों ने एसपी को सौंपा शिकायती पत्र

**उरई।** आधा दर्जन से अधिक किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी डॉ ईरज रजा को शिकायती पत्र सौंपते हुए जीआरपी व आरपीएफ जवानों पर अवैध वसूली का अरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उनको आश्वासन देकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार किन्नर दिव्या बाई स्टेशन रोड किन्नर गद्दी की मालिक है और झांसी, उरई, कानपुर की ट्रेनों पर दूसरे किन्नर लोगों से जमकर रुपये की उगाही करते हैं। इसकी शिकायत दिव्या ने स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ थाना प्रभारी व जीआरपीएफ थाना प्रभारी को लिखित में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जीआरपी व आरपीएफ पर आरोप लगाते हुए बताया कि दूसरे समुदाये के किन्नरों से महीना बंदी लेते हैं। इसलिय दूसरे समुदाये के किन्नरों से कुछ भी नहीं कहती है। इस पर एसपी ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। इस दौरान दिव्या बाई, शिवांगी, साक्षी, करिश्मा, वैष्णवी, नैना समेत आधा दर्जन से अधिक मौजूद थे।

### बच्चों को मौज-मस्ती के साथ दिया 'ज्ञान'

**जालौन।** प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में चल रहे 2 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के माध्यम से मौज मस्ती के साथ ज्ञानवर्धन किया गया। बच्चों ने रोचक गतिविधियों में पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। समापन के बाद बच्चों को ग्रीष्मावकाश के लिए ग्रहाकार्य दिया गया। प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी छात्रों को प्रिंटेड गृहकार्य की प्रतियां दी गईं। जिसका अवकाश समाप्त के बाद निरीक्षण किया जाएगा। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय ने कहा कि बच्चों के इस समर कैंप में छात्रों ने बहुत कुछ सीखा और खेल-खेल में सीखा गया ज्ञान आजीवन याद रहता है। इससे बच्चों का मन भी प्रसन्न रहा और विद्यालय के प्रतिदिन आने के लिए आकर्षण भी बढ़ा। सहायक अध्यापक श्याम ने बच्चों को गृहकार्य पत्रक की प्रिंटेड पत्र सौंप कर छुट्टी के दिनों में पढ़ाई करने के साथ मनोरंजन से संबंधित खेलकूद तथा अन्य क्रिया कलाप करने के लिए भी कहा।

**जल संरक्षण** — जल सहेलियों ने रैली निकाल कर पानी सहेजने की अपील की, नारे लिखी तख्ती, बैनरों के जरिये किया जागरूक

# पानी की एक-एक बूंद की समझें कीमत, नहीं करें बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचारः** जल योद्धा क्षमता विकास प्रशिक्षण के दूसरे दिन सूखे के शिकार बुन्देलखण्ड में लोगों को पानी की बचत हेतु प्रेरित करने के लिए जल सहेलियों ने जिला मुख्यालय उरई में विशाल रैली निकाली।

इस दौरान नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए जल सहेलियों ने हाथ में पानी बचाओ, जीवन बचाओ, पानी की रक्षा, देश की सुरक्षा, हम सबने यह ठाना है, पानी को बचाना है आदि नारे लिखी तख्ती, बैनरों के जरिये लोगों को यह अवगत कराने की कोशिश की, कि किस तरह जल ही जीवन है और इस कारण पानी की बर्बादी न करके उसकी फिजूलखर्ची रोकने के लिए उपाय किये जाने चाहिए। रैली टाउन हाल से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौराहा, आम्बेडकर तिराहा, जिला परिषद से होते हुए कलेक्ट्रेट में समापन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जल सहेली मायावती ने कहा कि अब हम सबको बरसात के पानी की एक-एक बूंद को ताल-तलैया व तालाबों में संरक्षित करना होगा तभी हम पानीदार बन सकते हैं। किरन देवी ने कहा कि हम सभी जल सहेलियां अपने क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर ग्रामीणों को प्रेरित करने का काम कर रहीं हैं कि खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में, जब तक संरक्षित नहीं करेंगे तब तक पानी के संकट से नहीं उबर पायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि जल संरक्षण की दिशा में अभी से प्रयास नहीं किया गया तो अगला विश्व युद्ध पानी के लिए ही होगा। इसके बाद सभी जल सहेलियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा पानी की बर्बादी न होने देने व अपने-अपने क्षेत्र में पानी की एक-एक बूंद सहेजने की शपथ ली गई। इस दौरान परियोजना समन्वयक किशन कुमार, जिला समन्वयक शिवमंगल सिंह, संतोष कुमार के अलावा रामपुरा ब्लॉक की 16 ग्राम पंचायतों से 30 से अधिक जल सहेलियों ने सहभागिता की।




रैली निकाल कर पानी बचाने का आह्वान करतीं जल सहेलियां। अमृत विचार



रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करतीं छात्राएं व अध्यापिकाएं। अमृत विचार

### घर-घर पीले चावल देकर मतदान की अपील

**उरई।** जालौन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रोजाना प्रचार के लिए नए-नए तरीके से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल देकर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं शिक्षण संस्थाओं द्वारा रैली निकालकर लोगों से मतदान की अपील की जा रही है। गांव-गली, कस्बों और शहर के चौराहों पर कहीं कठपुतली कार्यक्रम के जरिए, कहीं नुक्कड़ नाटक, तो कहीं बैलगाड़ी रैली तो कहीं दिव्यांगों द्वारा ट्राई साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। चुनाव के चौथे चरण 20 मई को जालौन में मतदान होना है। इसीक्रम में कोंच कस्बे के श्रीबाबू राम बालिका इंटर कालेज की शिक्षिकाओं की अगुवाई में छात्राओं ने रैली निकाल कर घर-घर पीले चावल देकर वोट डालने का न्योता दिया। हालांकि इस बार मतदान के लिए प्रशासनिक प्रयास फलीभूत होती दिखाई दे रही है।



धू-धूकर जलती स्कूटी। अमृत विचार

# वेल्डिंग करते समय लगी आग, धू-धूकर जली स्कूटी

**जालौन।** स्कूटी में वेल्डिंग करवाते समय आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आस-पास के दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार स्कूटी का स्टैंड टूट जाने पर उसकी मरम्मत करने के लिए वेल्डिंग मिस्त्री स्कूटी के स्टैंड की वेल्डिंग कर जोड़ रहा था, तभी अचानक स्कूटी के पेट्रोल टैंक के पेट्रोल ने आग पकड़ ली। देखते-देखते स्कूटी से ऊंची लपटें उठने लगीं, मौके पर पहुंची पुलिस और आसपास के दुकानदार के सहयोग से स्कूटी में लगी आग पर काबू पाया जा सका।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम PAUL RAJU से बदलकर P.P. RAJU रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-J.R. PONNAIYAN, 25, S.T THERESA SCHOOL SECTOR, 1 JAL VAYU VÍHAR FIRANGI KHERA LUCKNOW (U.P)-226002

**सूचना**

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र हरिओम सिंह के गलत आचरणों से दु:खी होकर उससे सभी प्रकार से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्तियों से भी बेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। – **विश्राम सिंह पुत्र डल्ला सिंह, निवासी- मोहल्ला- आनन्दीदास थाना व जिला – कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजरानी पत्नी राज कुमार, निवासी- ग्राम- कमुवा, थाना- रामपुर कला परगना व तहसील बिसवां जिला- सीतापुर** मेरे पति राजकुमार जुआ, शराब व आवारा किस्म की औरतों के चक्कर में कही भटक रहा है तथा अपने पिता की सम्पूर्ण भूमि को विक्रय कर दिया है मेरे पास स्व0 आर्जित सम्पत्ति है जिससे मेरे पति राजकुमार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मै अपने पति को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ।

**Notice**

I, Safia Firdous wife of Firdous Alam, resident of Plot No. 76, Road No. 5, Emerald Gulistan, Jajmau, Kanpur Nagar-208010.My name in my passport number is J2876385. J.T.Chhachhand is written. However, I am keeping my name as Safia Firdous which is Aadhar card number 8823 3709 so in my passport my name should be recorded as Safia Firdous instead of Safia Tarannum. Safia Tarannum and Safia Firdaus are the names of the same person.

